जनता की शिकायतों का समय पर हो निस्तारण-डीएम

जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामवासियों की समस्या,गर्भवती महिलाओं की कराया गोदभराई

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डा. अमित पाल ने गुरूवार को गॉव की समस्या, गाव में समाधान' के अन्तर्गत विकास खण्ड सरसवां की ग्राम-गरौली में ग्राम चैपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाय। इस लिए गांवों में चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। चौपाल में आई शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए। उनके द्वारा नजदीकी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर ग्रामवासियों ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं एवं आशा व ए.एन.एम. भी ग्राम में आती है। उन्होंने ग्रामवासियों से विद्यालय में शिक्षक समय से आते हैं कि नहीं, की जानकारी प्राप्त की, जिस पर बताया गया कि शिक्षक समय से आते हैं। जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता, लघु सिंचाई को प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। ग्राम चैपाल में ग्रामवासियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत कहीं-कहीं पर पानी नहीं आता है, जिस पर अधिशासी अभियंता, जल निगम ने बताया कि कमियों को दूर कराकर एक हफ्ते में सम्पूर्ण ग्राम में जलापूर्ति शुरू करा दी जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आवास प्लस सर्वे के अंतर्गत ८५ परिवारों को चिन्हित किया गया है, शीघ्र ही पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत और १२ लोगों को लाभान्वित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि ग्राम में २९ लोगों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिल रहा है एवं परिवार रजिस्टर से मिलान के उपरांत पात्र पाए गए १२ लोगों का आवेदन करा दिया गया है। ०३ लोगों को दिव्यांग पेशन एवं १५ लोगों को निराश्रित महिला पेंशन का लाभ मिल रहा है। ग्राम चैपाल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील किए।



ग्राम चौपाल में गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्री देते डीएम।

थाना स्तर पर करें शिकायतों का निस्तारण

कौशाम्बी। एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के संबंध में संबंधित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण करे।

सेवा संकल्प अभियानः बहुउद्देशीय सेवा शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्टालों का किया अवलोकन

कौशाम्बी। अध्यक्ष, जिला पंचायत कल्पना सोनकर ने गुरूवार मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड मंझनपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित ०७ दिवसीय बहुउद्देशीय सेवा शिविर में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा भी उपस्थित रही। अध्यक्ष, जिला पंचायत ने आंगनवाड़ी बहनों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। शिविर के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ आमजन तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

दम्पती ने पांच बोरी गेहूं वापस मांगने पर महिला को पीटा

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के लोहरा गांव में गुरुवार को दम्पत्ति ने ५ बोरी गेहूं वापस मांगने पर महिला को जमकर पीट दिया।पिटाई से उसको काफी चोटें आईं।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मरियाडीह गांव की केशमा बानो पत्नी मोहम्मद जहीर के अनुसार उसका संदीपन घाट थानाक्षेत्र के लोहरा गांव में एक बीघा खेत है। उसने खेत को ५ बोरी गेहूं के एवज में गांव के एक युवक को दिया था। गेंहू की फसल कट जाने के बाद उसने उसे निर्धारित गेहूं नहीं दिया। मांगने पर वह हमेशा वादा करता रहा। गुरुवार की सुबह वह उसके घर गेहूं मांगने गई थी। उसने गेहूं देने से इंकार करते हुए उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर डंडे से उसको पीटना शुरू कर दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घायल ने थाने जाकर दम्पत्ति के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

रेलवे ट्रैक पर कटा मिला युवक का शव

कौशाम्बी। सिराथू रेलवे स्टेशन के समीप रेल ट्रैक पर बुधवार रात एक युवक की लाश दो धड़ में कटी हुई पड़ी मिली। उसने खुदकुशी की या हादसे का शिकार हुआ अथवा हत्या कर शव ठिकाने लगाया गया, फिलहाल यह साफ नहीं है। मृतक की शिनाख्त भी नहीं हो सकी है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

सिराथू के नागरिक बुधवार की रात स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक की ओर गए तो देखा कि वहां एक करीब ३५ वर्षीय युवक की दो धड़ों में कटी हुई लाश पड़ी थी। इसकी जानकारी होते ही मौके पर नगरवासियों की भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद जीआरपी व स्थानीय चौकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने दिवंगत की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी। इस पर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। इस संबंध में सैनी थाना प्रभारी टीएन पांडेय का कहना है कि मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है,और पीएम रिपोर्ट आने से पहले कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, पीएम रिपोर्ट आने पर साफ हो जायेगा, कि युवक की मौत कैसे हुई है,उसी अनुसार ही आगे की कारवाई किया जायेगा।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जनसामान्य को किया गया जागरूक

कौशाम्बी। विधायक चायल पूजा पाल, अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर एवं सदस्य उ०प्र० राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा ने विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जन-जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मंझनपुर तक निकाली गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा० अमित पाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डा० संजय कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी मंझनपुर डा० नीरज कुमार एवं जिला मलेरिया अधिकारी डा० अनुपमा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान ०१ अक्टूबर से ३१ अक्टूबर, २०२६ तक संचालित किया जाएगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जाएगा। स्वस्थ्य व्यवहार अपनाना है, संचारी रोगों को हराना है। मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छररोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढ़ों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जलजमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने,चूहे-छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा।


जागरूकता रैली को झण्डी दिखाकर रवाना करतीं चायल विधायक।

तिलगोड़ी गांव में अकीदत से मनाया गया जश्न-ए-ईद मिलादुन्नवी

चायल,कौशाम्बी। स्थानीय तहसील क्षेत्र के तिलगोड़ी गांव में बुधवार की शाम जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम अकीदत व उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की निज़ामत हज़रत नफ़ीस हबीबी इलाहाबादी ने की, जबकि सदारत हज़रत हाफ़िज़ व क़ारी फ़राज़ कबिला इमाम मस्जिद रहे। कार्यक्रम में खतीबे अहले सुन्नत हज़रत अल्लामा मौलाना सय्यद फ़ख़रुल इस्लाम ने तकरीर पेश करते हुए पैगंबर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद (स.अ.) की सीरत और उनकी शिक्षाओं पर रोशनी डाली। उन्होंने लोगों से नबी-ए-करीम के बताए हुए रास्ते और उनके नक्श-ए-कदम पर चलने की अपील की। उन्होंने बताया कि आपके पहले जमाना जाहिलियत का था लोग अपनी बेटियों को जिंदा दफन कर दिया करते थे। आपके दुनिया में आने के बाद निजाम बदला और बेटियों को उनका हक मिला। इस दौरान शहंशाह-ए-तरन्नुम हज़रत क़ारी रेहान इलाहाबादी, शाहकार-ए-तरन्नुम हज़रत क़ारी इरफ़ान अज़हरी और हज़रत क़ारी रिज़वान क़ादरी ने नात-ए-पाक पेश की। कार्यक्रम हज़रत मौलाना मोहम्मद आसिफ रज़ा साहब, प्रिंसिपल मदरसा दारुल उलूम इमाम अहमद रज़ा की क़यादत में हुआ। इस मौके पर सलमान खान, ज़फ़र उस्मानी, मोहम्मद जीशान आलम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अन्तरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का हुआ सम्मान


बुजुर्गों को सम्मानित करते वृद्धाश्रम के प्रबंधक।

कौशाम्बी। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के सम्मान और सेवा के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम प्रबंधक अलोक राय द्वारा आश्रम में निवासरत बुजुर्गों को वस्त्र, फल एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अलोक राय द्वारा बुजुर्गों की आरती उतारकर उनका सम्मान किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी और संतोष देखकर वातावरण भावुक हो गया। इस अवसर पर प्रबंधक अलोक राय ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका सम्मान और सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। बुजुर्गों का आशीर्वाद और अनुभव आने वाली पीढियों के लिए अनमोल है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि बुजुर्गों को केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन प्रेम, सम्मान और अपनत्व की आवश्यकता है। बुजुर्गों की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का सम्मान वृद्धाश्रम प्रबंधक अलोक राय ने बुजुर्गों को वस्त्र एवं फल वितरित कर उतारी आरती अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के सम्मान और सेवा के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम प्रबंधक अलोक राय द्वारा आश्रम में निवासरत बुजुर्गों को वस्त्र, फल एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अलोक राय द्वारा बुजुर्गों की आरती उतारकर उनका सम्मान किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी और संतोष देखकर वातावरण भावुक हो गया। इस अवसर पर प्रबंधक अलोक राय ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका सम्मान और सेवा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। बुजुर्गों का आशीर्वाद और अनुभव आने वाली पीढियों के लिए अनमोल है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया गया कि बुजुर्गों को केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन प्रेम, सम्मान और अपनत्व की आवश्यकता है।

सुरेश ने आखिर किसके लिए खरीदी थी श्रृंगार की सामग्री

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के मकदूमपुर काजी गांव निवासी सुरेश की मौत के मामले में जांच शुरू होते ही चौंकाने वाले खुलासे होने लगे हैं। पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ नजर आ रहा है। परिवार शुरुआती दौर से ही हत्या कर शव रेलवे की डीएफसी लाइन पर फेंकने की आशंका जाहिर कर रहा है। पुलिस अफसरों ने गहन जांच के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की बात कही है। दावा किया है कि दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

मकदूमपुर काजी निवासी २५ वर्षीय सुरेश कुमार मौर्य पुत्र श्याम लाल की लाश मंगलवार रात रेलवे की डीएफसी लाइन पर रसूलपुर गिरसा के समीप मिली थी। परिजनों के अनुसार, सुरेश २८ सितंबर को सूरत से घर आया था। २९ सितंबर की सुबह मौसी के यहां दशरथपुर बिसारा जाने की बात कहकर घर से निकला था। घटना के लगभग १० घंटे पहले सुरेश ने इंस्टाग्राम पर दो वीडियो पोस्ट की थी, जिसकी सच्चाई पुलिस खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक, घटना स्थल के समीप बियर की दो केन, मृतक का मोबाइल, ईयर फोन और जेब में रुपये मिले थे। सबसे खास बात यह है कि जेब में एक मंगलसूत्र, चार डिब्बी सिंदूर, दो लिपस्टिक भी मिली थी। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि मृतक ने यह श्रृंगार सामग्री आखिर किसके लिए खरीदी थी। वहीं, दूसरी ओर मृतक की बुआ के बेटे व डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य का कहना है कि दिवंगत सुरेश के मोबाइल पर लगातार किसी आरुषी नाम की लड़की का फोन आ रहा था। पुलिस इस लड़की के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संतोष शर्मा का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में ट्रेन एक्सीडेंट की बात सामने आई है। बाकी पहलुओं पर जांच कराई जा रही है।

किशोरी से दुराचार का आरोपित गिरफ्तार

कौशाम्बी। स्थानीय थाना पुलिस ने गुरुवार को अंकित कुमार पुत्र दिनेश सरोज को बनीखास गांव के समीप से गिरफ्तार किया। उस पर इल्जाम है कि पांच सितंबर को उसने एक नाबालिग किशोरी के साथ दुराचार किया था। मामले में पीडिता की मां की तहरीर पर मुकदमा कायम हुआ था। तभी से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। लिखापढ़ी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

रक्तदान से जीवनदान की मुहिम को मिल रही नयी रफ्तार



रक्तदान करने वालों को सम्मानित करते प्राचार्य।

कौशाम्बी। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी में पैथोलॉजी विभाग की ओर से रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षित रक्तदान, रक्त चढ़ाने के दौरान होने वाली प्रतिक्रियाओं तथा रक्त एवं रक्त अवयवों के विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डा० रवि रंजन ने रक्त चढ़ाने के दौरान होने वाली संभावित प्रतिक्रियाओं, उनके लक्षण, समय पर पहचान तथा उचित उपचार के बारे में जानकारी दी। वहीं डा० विकास ने रक्त एवं रक्त अवयवों के विवेकपूर्ण और आवश्यकता आधारित उपयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्त का उपयोग उचित चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार ही किया जाना चाहिए। इस अवसर पर दीप नारायण मिश्रा के नियमित रक्तदान की विशेष रूप से सराहना की गई। उन्होंने अब तक २४ यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका यह प्रयास समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का उदाहरण है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० पंकज कुमार तिवारी ने कहा कि रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन का आधार बन सकता है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। प्रधानाचार्य डा० हरिओम कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'रक्तदान महादान है। रक्त की एक-एक बूंद किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकती है।' उन्होंने चिकित्सकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आमजन से रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डा० शारदा सिंह, डा० राकेश शुक्ल, डा० अरिंदम चक्रवर्ती, डा० मृदुला रंजन, डा० संजीव कुमार, डा० संध्या खरे, डा० संदीप कुमार, डा० संतोष कुमार, डा० अंकित, डा० अरुण पांडेय सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। हुसैनी फाउंडेशन के अरशद तथा संत निरंकारी मंडल के देशराज एवं दीप नारायण मिश्रा ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी ने रक्तदान को जीवनदान से जोड़ते हुए सुरक्षित, स्वैच्छिक एवं नियमित रक्तदान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

वाहनों की किया गया जांच

कौशाम्बी। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए बुधवार को सुबह से शाम तक जिले भर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान १६२ वाहनों का ई-चालान किया गया। डीएसपी ट्रैफिक भैया संतोष कुमार ने बताया कि डीडीआर पब्लिक इंटर कॉलेज भरवारी में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई। हेलमेट-सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया।

शादी का झांसा देकर किशोरी से किया दुराचार

कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र की एक किशोरी से शादी करने का झांसा देकर गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया। वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने विवाह करने से मना कर दिया। उसे व उसके परिजनों को धमकी अलग दी। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

कड़ा धाम क्षेत्र की किशोरी ने बताया कि पड़ोस के रहने वाले मनोज पुत्र श्रीनाथ से करीब तीन-चार साल से उसका प्रेम संबंध था। इल्जाम है कि इस बीच मनोज ने शादी करने का झांसा दिया और दुराचार करने लगा। किशोरी के गर्भवती होने पर इसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो वह दंग रह गए। बिरादरी का मामला होने के कारण दोनों परिवारों में पंचायत हुई। इसमें भी युवक शादी करने के लिए राजी नहीं हुआ। ऐसे में परेशान पीडिता ने पुलिस को तहरीर दे दी। थाना प्रभारी महेश सिंह ने बताया कि मुकदमा कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है,उसके खिलाफ लिखा पढी कर चालान भी कर दिया गया।

विद्यार्थियों को कैम्प लगाकर दी गयी जानकारी

कौशाम्बी। उदिहिन खुर्द गांव स्थित बिट्ठल भाई पटेल शिक्षा सदन इंटर मीडिएट कॉलेज में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सुरक्षित परिवहन के नियम बताए गए। डीएसपी ट्रैफिक भैया संतोष कुमार ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी दी। कहा कि सड़कों पर वाहन चलाने के दौरान हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। स्कूल आने वाले बच्चे बाइक व स्कूटी से कॉलेज न आएं। तीन सवारी कभी न चलें। इस मौके पर यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार राम, पइंसा थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, चौकी प्रभारी उदिहिन बाजार रितू वर्मा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं, दूसरी ओर नगर पालिका परिषद भरवारी के पुरानी बाजार स्थित मदरसा दारूल उलूम नूरिया एहसानिया में गुरुवार को जिला विविध सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिविल जज मनु गुप्ता रहे। इस दौरान उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम २०१२ के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रबंधक हाजी महमूद, अहमद कारी, अफजाल अहमद ,सचिव सुधीर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

ओपीडी का समय परिवर्तित

कौशाम्बी। वर्तमान मौसम में हो रहे परिवर्तन एवं शीतकालीन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए ओपीडी संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। प्रधानाचार्य,स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय डा० हरिओम कुमार सिंह ने बताया है कि दिनांक ०५ अक्टूबर,२०२६ से अग्रिम आदेशों तक चिकित्सा महाविद्यालय की ओपीडी का संचालन प्रातः ०९:०० बजे से अपराह्न ०३:०० बजे तक किया जाएगा।

शिवाजी इंटर कालेज की बदहाली पर भड़के छात्र-छात्राएं

फीस वसूली, गंदगी, दूषित पेयजल और शिक्षकों की बदसलूकी को लेकर लगाये गंभीर आरोप

चायल,कौशाम्बी। नेवादा स्थित शिवाजी इंटर कॉलेज में लगातार गहराती अव्यवस्थाओं, अत्यधिक फीस वसूली और विद्यालय प्रशासन की मनमानी को लेकर गुरुवार को विद्यार्थियों के सब्र का बांध टूट पड़ा। बदहाली से आक्रोशित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सड़कों पर उतरकर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन और नारेबाजी की। विद्यार्थियों के सड़क पर धरना देकर बैठने से तिल्हापुर मोड़-पूरखास मार्ग पर कई घंटों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस लिए जनता को जागरूक करने का काम किया जा रहा है, जिससे किसी को कोई समस्या नहीं हो।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राएं सबसे पहले अपनी मांगों को लेकर ब्लाक परिसर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। जब वहां कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई तो छात्र-छात्राओं का गुस्सा और भड़क गया। इसके बाद सभी विद्यार्थी मुख्य मार्ग तिल्हापुर मोड़-पूरखास रोड पर पहुंच गए और सड़क के बीचों-बीच बैठकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए व्यवस्था सुधारने और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की। सड़क जाम और प्रदर्शन की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सराय अकिल चरवा और पिपरी थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद क्षेत्राधिकारी शिवांक सिंह और उपजिलाधिकारी प्रेरणा गौतम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। अधिकारियों ने आक्रोशित विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया और उनकी एक-एक समस्या को ध्यानपूर्वक सुना। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराकर त्वरित कार्रवाई करने का कड़ा आश्वासन दिए जाने के बाद ही छात्र शांत हुए और सड़क से हटकर यातायात बहाल कराया। प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रबंधन की पोल खोलते हुए गंभीर आरोप लगाए। छात्रों का कहना था कि विद्यालय में स्वच्छ पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण उन्हें मजबूरी में दूषित पानी पीना पड़ रहा है। शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा रहता है और कक्षाओं में नियमित सफाई तक नहीं होती। गर्मी के इस मौसम में कक्षाओं में न तो पर्याप्त पंखे चल रहे हैं और न ही बैठने के लिए बेंच की सही व्यवस्था है। इसके अलावा बारिश में छत से पानी टपकने आए दिन बिजली गुल रहने और प्रैक्टिकल के लिए प्रयोगशाला की सुविधा न होने जैसी बुनियादी समस्याओं से उन्हें रोज जूझना पड़ता है। विद्यार्थियों ने आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए बताया कि सरकारी नियमों को ताक पर रखकर उनसे मनमानी फीस वसूली जा रही है। कक्षा १० की निर्धारित वार्षिक फीस मात्र ३३६ रुपये है, लेकिन उनसे ३,८०० रुपये तक वसूले जा रहे हैं। वहीं इंटरमीडिएट की ५०० रुपये फीस के एवज में ६,००० रुपये तक देने का दबाव बनाया जाता है। यही नहीं छात्रवृत्ति फॉर्म भरने के नाम पर भी अवैध रूप से रुपयों की मांग की जाती है। विरोध करने या रुपए न देने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा नाम काटने की सीधी धमकी दी जाती है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि विद्यालय में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या पंखे खराब होने का झूठा बहाना बनाकर भी छात्रों से जबरन पेनल्टी के नाम पर पैसे ऐंठे जाते हैं। इसके साथ ही शिक्षकों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं आते और अपनी कमियों को छिपाने के लिए छात्र-छात्राओं से अभद्र व्यवहार करते हैं। प्रदर्शन के दौरान हिमांशु, संदीप, सुनील, राज किशोर, अभिषेक, योगेश, संजय, आकाश, ऋषभ, तनमय, अयंश, अंकुश और रामबाबू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। एसडीएम प्रेरणा गौतम ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सभी मांगों और आरोपों को गंभीरता से लिया गया है जांच के उपरांत दोषी पाए जाने वालों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभी लोगों को नियमों व कानून के बारे में पूरी जानकारी दिया गया है।


विद्यालय में दुर्व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं।

वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति ग्रामवासियों को किया जागरूक

कौशाम्बी। अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद कौशाम्बी के तत्वावधान में ग्राम सभा गोविंदपुर, तहसील चायल, जनपद कौशाम्बी में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों, शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं तथा निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जागरूक करना रहा। अधिकार मित्र अमरदीप दिवाकर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि समाज में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, २००७ के तहत विशेष अधिकार प्राप्त है। जैसे वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार, भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकार, संपत्ति की सुरक्षा अधिकार के तहत अगर कोई भी व्यक्ति अपने वृद्ध माता पिता की सेवा नहीं करता है तो माता पिता उनको अपनी संपत्ति से बेदखल कर सकते और किसी और को दे सकते। वरिष्ठ नागरिक या माता पिता को जानबूझकर असहाय स्थिति में छोड़ना अधिनियम की धारा २४ के तहत दादानी अपराध है ऐसा करने पर विधिक कार्यवाही भी की जा सकती है। संवैधानिक संरक्षण के तहत भारतीय संविधान का अनुच्छेद १४ समानता, अनुच्छेद २१ गरिमा पूर्ण जीवन तथा अनुच्छेद ४१ वृद्धावस्था में सार्वजनिक सहायता के लिए राज्य के प्रयास का आधार प्रदान करता है। वरिष्ट नागरिकों के प्रति परिवार के द्वारा उनसे सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। इस अवसर वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा विवाद की स्थिति में उपलब्ध निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई एवं शिविर में ग्रामीणों एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उनकी समस्याएं भी सुनी गई एवं निस्तारण हेतु पूर्ण विश्वास दिलाया गया। पीएलवी निलेश कुमार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराई जाती है। वरिष्ठ नागरिक किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं। एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाएं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग जनों की सहायता, वृद्धा आश्रम की जानकारी प्रदान की और किसी भी स्थिति में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क हेल्प लाइन १५१०० की जानकारी दी एवं वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों में ग्राम प्रधान सतीश चन्द्र गुप्ता, पंचायत सहायक संजय सिंह पीएवली अमरदीप दिवाकर,निलेश कुमार एवं ग्राम सभा के वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।


बुजुर्गों को जागरूक करते जिलाविधिक सेवा प्राधिकरण के लोग ।

CMYK